nt>
Title: Need to provide facilities in tourist centres at Sitamarhi in Bihar and connect it with Budhist Circuit and construct roads.

श्री सीताराम यादव : सभापति महोदय, सीतामढ़ी महाजगत जननी की जन्मस्थली है तथा यह क्षेत्र नेपाल की जनकपुर की सीमा से सटा हुआ है। यहां पर्यटक काफी संख्या में आते हैं, लेकिन यहां पर्यटकों के लायक के सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिससे वहां आने वाले पर्यटकों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अगर पर्यटकों की कठिनाई को ध्यान में रखते हुए वहां सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं तो वहां बेरोजगार को रोजगार मिलेगा और पर्यटकों के असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

अतः आपके माध्यम से सरकार से मेरी मांग है कि सीतामढ़ी को पर्यटक सअथल बनाने हेतु सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा सीतामढ़ी को बुद्दिस्ट सार्किट से जोड़ कर सड़को का निर्माण कराया जाए।